कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला नारायणपुर (छ0ग0)

दूरभाष : 07781–252310 (फैक्स) 252310 email id : deonpr74@gmail.com

क्रमांक/2368/विद्या/नर्सिंग/2016 नारायणपुर, दिनांक 15/06/2016

प्रति,

1. **प्राचार्य,**
   शास. स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय नारायणपुर
2. **प्राचार्य,**
   शास./अशास./अनुदान प्राप्त
   उ.मा.वि. .....

विषय :– एनएमडीसी बालिका शिक्षा योजना अंतर्गत नर्सिंग पाठ्यक्रम वर्ष 2016 में आदिवासी छात्राओं के प्रवेश सूचना बाबत्।

संदर्भ :– सहा.महाप्रबंधक (का.) सीएसआर एनएमडीसी लिमिटेड बैलाडीला लौह अयस्क स्थान बचेली कॉम्प्लेक्स के पत्र क्र. डी5/सीएसआर/बाशियो/2016/2479 दिनांक 07.06.2016।

––000––

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के अनुक्रम में लेख है कि एनएमडीसी द्वारा बस्तर क्षेत्र के आदिवासी छात्राओं को व्यवसायिक शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्येश्य से नैगमिक सामाजिक दायित्व क्रियाकलाप के अधीन बालिका शिक्षा योजना के तहत पिछले 05 वर्षो में बस्तर क्षेत्र के 185 आदिवासी छात्राओं को अपोलो स्कूल आफ नर्सिंग, हैदराबाद में जीएनएम 3½ वर्षीय एवं बीएससी नर्सिंग 4 वर्षीय नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश दिलाया गया है। इसी क्रम में इस वर्ष 2016 में भी एनएमडीसी प्रबंधन द्वारा आदिवासी छात्राओं को नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश दिलाने सहमति प्रदान की गई है। **छात्राओं के चयन के लिए पात्रता मानदंड निम्नानुसार है :–**

1. 12वीं विज्ञान (भौतिक, रसायन एवं बायोलाजी) विषय में परीक्षा उत्तीर्ण आदिवासी **(अजजा) छात्राएं।**
2. पारिवारिक **आय प्रतिमाह 6000/–** तक हो।
3. एनएमडीसी शिक्षा सहयोग योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति पाने वाले छात्राओं को प्राथमिकता दी जायेगी।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त योजना का संस्था अंतर्गत एवं अपने अधीनस्थ क्षेत्र में व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार करें एवं इच्छुक छात्राओं को अवगत करावें कि इस कार्यालय को **दिनांक 27.06.2016 संध्या 05.00 बजे तक** अनिवार्य रूप से अपना आवेदन उपलब्ध करावें या आवेदन सीधे बंद लिफाफा में उपमहाप्रबंधक (कार्मिक) सीएसआर एनएमडीसी लिमिटेड, बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.) के पास अनिवार्य रूप से 30.06.2016 तक भेज सकते है। नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु विस्तृत विवरण, आवेदन का प्रारूप इत्यादि संबंधी जानकारी इस पत्र के साथ संलग्न है।

आवेदन के साथ निम्न दस्तावेज संलग्न किए जाने है :–

1. 10 वीं एवं 12 वीं मार्कशीट की छायाप्रति।
2. निवास, आय एवं जाति प्रमाण पत्र।
3. 02 पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो (स्वयं द्वारा प्रमाणित)।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला नारायणपुर

कृपया...2 पर

1121

पृ0क्रमांक 2369 / विद्या / नर्सिंग / 2016 नारायणपुर, दिनांक 15 / 06 / 2016

प्रतिलिपि :–

1. कलेक्टर, जिला नारायणपुर को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. सहा.महाप्रबंधक (का.) सीएसआर एनएमडीसी लिमिटेड बैलाडीला लौह अयस्क स्थान बचेली कॉम्प्लेक्स को सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. जिला सूचना एवं विज्ञान केन्द्र (NIC) नारायणपुर, को सूचनार्थ कर लेख है कि उपरोक्त सूचना एवं आवेदन पत्र प्रारूप www.cgstate.gov.in, www.narayanpur.gov.in, www.zp_narayanpur.gov.in वेबसाईट में डाउनलोड करने का कष्ट करेंगे। उपरोक्तानुसार सी.डी. संलग्न प्रेषित है।
4. सहायक संचालक, जिला जनसम्पर्क अधिकारी, जिला नारायणपुर की ओर संदर्भित पत्र संलग्न कर लेख है कि उपरोक्त सूचना दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने का कष्ट करेंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला नारायणपुर

एनएमडीसी लिमिटेड

बैलाडीला लौह अयस्क खानः बचेली कॉम्प्लेक्स
पोस्टः बचेली जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

नर्सिंग प्रवेश सूचना 2016–17

एनएमडीसी के नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) की बालिका शिक्षा योजना अंतर्गत बस्तर क्षेत्र की इच्छुक आदिवासी (अजजा) छात्राओं से अपोलो स्कूल ऑफ नर्सिंग, हैदराबाद में जीएनएम 3½ वर्षीय एवं बीएससी नर्सिंग 4 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। चयनित छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जायेगी। अध्ययन सामग्री, छात्रावास, ट्यूशन फीस का भुगतान एनएमडीसी द्वारा सीधे संस्था को किया जायेगा।

योग्यताः

1. बस्तर क्षेत्र मुख्यतः दंतेवाड़ा, बस्तर, सुकमा, कोंडागांव, बीजापुर एवं नारायणपुर जिले के 12वीं विज्ञान (भौतिक, रसायन एवं बायोलॉजी) विषय में परीक्षा उत्तीर्ण आदिवासी (अजजा) छात्राऐं।
2. पारिवारिक आय प्रतिमाह 6000/– तक हो।
3. एनएमडीसी शिक्षा सहयोग योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति पाने वाले छात्राओं को प्राथमिकता दी जायेगी।

अन्य शर्तेः

1. चयनित छात्राओं को नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रत्येक वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य हैं, उत्तीर्ण नहीं होने की स्थिति में शिक्षण सहायता बंद कर दिया जायेगा।

आवेदन पत्र का प्रारूपः

1. नाम, 2. पिता का नाम, 3. माता का नाम, 4. जन्मतिथि एवं जन्म स्थान, 5. जाति (अनूसुचित जनजाति) 6. निवासी जिले का नामः दंतेवाड़ा/बस्तर/सुकमा/बीजापुर/कोंडागांव/नारायणपुर, 7. पत्राचार के लिये पूरा पता, 8. कक्षा 12वीं से संबंधित विवरण, (अ) विद्यालय का नाम, ग्राम जिला, (ब) प्राप्तांक एवं प्रतिशत, 9. सम्पर्क हेतु पूरा पता, 10. मोबाईल न./दूरभाष न. 11. परिवार का कुल वार्षिक आय, 12. एनएमडीसी से छात्रवृत्ति प्राप्त किया या नहीं, 13. आवेदन पत्र में रंगीन पासपोर्ट साईज फोटा चश्पा किया हो। 14. आवेदक के हस्ताक्षर।

पूर्ण रूप से भरे हुये आवेदन के साथ **10वी, 12वीं मार्कशीट, निवासी, आय, जाति इत्यादि प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं 02 पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो आवेदन के साथ संलग्न कर** बंद लिफाफा में उप महाप्रबंधक (कार्मिक) सीएसआर एनएमडीसी लिमिटेड, बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.) के पास **30.06.2016** तक अवश्य पहुंच जाना चाहिये। लिफाफा के उपर अवश्य लिखे **"एनएमडीसी बालिका शिक्षा योजना 2016 आवेदन पत्र"। दिनांक 30.06.2016 के बाद प्राप्त हुये आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।**

वास्ते
सीएसआर विभाग
एनएमडीसी बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स

आवेदन पत्र का प्रारूप

स्वयं प्रमाणित रंगीन
पासपोर्ट साईज
फोटा चश्पा करे

1. नाम : .....

2. पिता का नाम : .....

3. जन्मतिथि : .....

4. जन्म स्थान : .....

5. जाति (अनूसुचित जनजाति) : .....

6. निवासी जिले का नाम : .....
   बस्तर/दंतेवाड़ा/सुकमा/
   बीजापुर/कोंडागांव /नारायणपुर

7. पत्राचार के लिऐ पूर पता : .....

   .....

   .....

8. कक्षा 12वीं (विज्ञान) से संबंधित विवरण :

विद्यालय का नाम	ग्राम	जिला	विषय	प्राप्तांक	प्रतिशत

9. सम्पर्क हेतु पूरा पता : .....

   .....

10. मोबाईल न./दूरभाष न. : .....

11. परिवार का कुल वार्षिक आय : .....

12. एनएमडीसी से छात्रवृत्ति प्राप्त : .....
    किया या नहीं

आवेदक के हस्ताक्षर